Reg. No. : ....................................

Name : .......................................

**Code No. 9038**

**Second Year – March 2018**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – III

## HINDI (Optional)

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- Read the instructions carefully.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए **15** मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

1. सही मिलान करें :

   (क) दो हाथियों की लड़ाई – इंशा अल्ला खाँ

   (ख) विरोधाभास – मुंशी सदा सुखलाल

   (ग) रानी केतकी की कहानी – सच्चिदानंद

   (घ) सुखसागर – उदयप्रकाश **(Scores : 4 × 1 = 4)**

**सूचना :** कवितांश पढ़ें और **2** से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

साँप !
तुम सभ्य तो हुए नहीं
नगर में बसना
भी तुम्हें नहीं आया ।
एक बात पूछूँ – (उत्तर दोगे ?)
तब कैसे सीखा डँसना
विष कहाँ पाया ?

2. 'विषैले जंतुओं का काटना' का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें ।

(बसना, डँसना, सीखना) **(Score : 1)**

3. 'नगर में बसना
भी तुम्हें नहीं आया ।' किसको ? **(Score : 1)**

4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की व्याख्या करें । **(Scores : 6)**

**सूचना :** 'खोई हुई वस्तु की खोज' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

एक बार मैंने नई पुस्तक मोल ली । दूसरे दिन घर का कोना-कोना छान डाला । रसोईघर भी न छोड़ा । घर भर के सभी लोगों ने हलचल मचा दी । ढूँढते-ढूँढते कई दवातें उडेल दीं, औषधि की शीशियाँ फोड दीं, जिन पत्रों का उत्तर देना रह गया था, उन्हें पुरानी चिट्ठियों में और जो पुरानी थीं उन्हें नई चिट्ठियों में मिला दिया; पुस्तकों की पेटियों में कपड़े और कपड़े की पेटियों में पुस्तकें डाल दीं । सब कुछ किया, पर पुस्तक न मिली । परीक्षा निकट थी । फिर दूसरी पुस्तक मोल लेने लपका । कुछ दूर जाने पर मन में आया कि एक बार फिर घर में जाकर खोज आऊँ । लौट आया । ऊधम और हलचल फिर दूसरी बार हुई । अंत में निराश होकर फिर दुकान गया । पुस्तक विक्रेता ने कहा, 'वाह ! आप भी बड़े विचित्र जीव हैं । कल पुस्तक ली थी, दाम दिए और पुस्तक यहीं छोड़कर चलते बने ।'

5. समुच्चय बोधक शब्द चुनकर लिखें।

(भी, और, पर) **(Score : 1)**

6. विस्मयादि बोधक शब्द चुनकर लिखें।

(वाह !, के, ने) **(Score : 1)**

7. 'सब कुछ किया, पर पुस्तक न मिली।' पुस्तक ढूँढते-ढूँढते लेखक ने क्या-क्या किया ? **(Scores : 2)**

8. उचित शीर्षक के साथ खंड का संक्षेपण करें। **(Scores : 6)**

**सूचना : 9 से 11** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखें। **(Scores : 2 × 2 = 4)**

9. आधुनिक काल के निबंध साहित्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
   - लचीली विधा
   - विस्तारपूर्ण किन्तु सीमित

10. आत्मकथा की क्या-क्या विशेषताएँ हैं ?
   - स्व-लेखन
   - मुक्त यथार्थ की अभिव्यंजना

11. रिपोर्ताज से क्या तात्पर्य है ?
   - आँखों-देखा तथा कानों-सुना विवरण
   - कलात्मक एवं प्रभावोत्पादक अभिव्यक्ति

**सूचना :** **12** से **15** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें । **(Scores : 3 × 4 = 12)**

12. **सूचना :** लाला सदानंद के ये कथन पढ़ें ।

- अगर किसी शौकीन को पसंद आ जाए, तो हज़ार दो हज़ार रुपए कमा लो ।
- मैं आपका यजमान हूँ, मेरा धर्म है कि आपकी सेवा करूँ ।
- यह अलबम सेठ साहब से अब हमने मँगवा लिया है ।

कथनों के आधार पर लाला सदानंद के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

13. **सूचना :** जीवनवृत्त पढ़ें और टिप्पणी लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला |
| जन्म | : | 1896 ई |
| जन्मस्थान | : | मिथिनापुर, बंगाल |
| रचनाएँ | : | परिमल, गीतिका, अणिमा, सांध्यकाकली, अपरा, राम की शक्तिपूजा, सरोजस्मृति |
| विशेषताएँ | : | प्रकृति के प्रति समभावना, सर्वहारा के प्रति समानुभूति |
| निधन | : | 1961 |

14. 'कहानी आकर्षक, रमणीय, सारगर्भित, प्राचीन, साहित्यिक विधा है ।' सूचकों के आधार पर कहानी साहित्य पर टिप्पणी लिखें ।

- मनोरंजन का साधन
- किसी एक अंग / मनोभाव का प्रदर्शन
- विभिन्न युगों में कहानी का विकास

15. साहित्य की एक प्रमुख विधा है एकांकी । संकेतों के आधार पर एकांकी साहित्य पर टिप्पणी लिखें ।

- एक घटना एवं एक अंक का कार्यकलाप
- एक ही समय एवं स्थान में संपन्न
- प्रमुख तत्त्वों का उल्लेख

16. **सूचना :** अंग्रेजी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें । **(Scores : 6)**

Today, the animal and plant wealth of our country is in great danger. We have spoilt our forests. We have made our birds and animals homeless. We even kill animals for sport.

(wealth – संपत्ति, danger – खतरा, spoilt – बरबाद किया, homeless – बेघर, sport – शौक)

**सूचना :** **17** से **19** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखें । **(Scores : 2 × 6 = 12)**

17. कपड़ों के बैग की दुकान का उद्घाटन शहर में होने वाला है । उसके लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें :

- पर्यावरण के अनुकूल
- ले जाने में आसान
- कम दाम

18. 'जिस व्यक्ति को देखने के लिए मुझे इतना परिश्रम करना पड़ा था, आज वही मेरे समक्ष है ।' पुस्तकालय में रांगेय राघव से मिलने के अनुभव को लेखिका ने अपनी डायरी में लिखा होगा । वह डायरी लिखें ।

- घबराहट का अनुभव
- अध्ययन में रुचि एवं साहित्य के प्रति रुझान
- इधर-उधर की बातों का उल्लेख

19. 'आपकी रकम आपके हाथों सौंपते हुए मुझे एक विशेष आनंद का अनुभव हो रहा है ।' पत्रकार, डाक्टरनी के दस रुपए का नोट लौटाने आता है । दोनों के बीच का वार्तालाप लिखें ।

- लिफ्ट में सूचना टँगना
- न्यूज़ की टोह में निकलना
- नोट का लौटाना

**सूचना :** **20** से **23** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें । **(Scores : 3 × 8 = 24)**

20. स्कूल में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता होने वाली है । प्रतियोगिता में प्रस्तुत करने के लिए 'विद्यार्थी एवं देश की एकता' विषय पर एक भाषण तैयार करें ।

- विविधता में एकता
- एकता में बाधा डालने वाली शक्तियाँ
- विद्यार्थी : कल का नागरिक
- देश की एकता और विद्यार्थी

21. 'मैंने और स्मिता ने पासवानजी को ऐसे रचनात्मक संवाद के लिए धन्यवाद दिया और बधाई भी !' पिता के साथ आकाशवाणी जाने वाली स्मिता उस दिन के अपने अनुभवों को सूचित करते हुए अपनी सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- पिताजी के साथ आकाशवाणी जाना
- पासवानजी और पिताजी की बातचीत सुनना
- पिताजी की खुशी को पहचानना
- अपने अनुभव का चित्रण

22. 'उपन्यास मनुष्य के वास्तविक जीवन की काल्पनिक कथा है ।' संकेतों के आधार पर उपन्यास साहित्य पर निबंध तैयार करें ।

- मानव जीवन का चित्रण
- मानवीय रहस्यों की अभिव्यक्ति
- घटना प्रधान, चरित्र प्रधान एवं नाटकीय
- प्रेमचंद पूर्व, प्रेमचंद युगीन एवं प्रेमचंदोत्तर उपन्यास

23. राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ द्वारा छात्रों के लिए 'जीवन में सामाजिक माध्यमों का प्रभाव' (Influence of social media in life) विषय पर एक संगोष्ठी होने वाली है । उसमें प्रस्तुत करने के लिए एक संगोष्ठी आलेख तैयार करें ।

- विविध सामाजिक माध्यम
- गुण एवं दोष
- समय का सदुपयोग तथा दुरुपयोग
- नियंत्रण की ज़रूरत

## SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION MARCH 2018

SUBJECT: HINDI (Part III - Optional) CODE. NO: 9038

| Qn No | Sub Qns | Answer Key/Value Points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क | उदय प्रकाश | 1 | |
| | ख | सच्चिदानंद | 1 | |
| | ग | इंशा अल्ला खाँ | 1 | |
| | घ | मुंशी सदासुखलाल | 1 | 4 |
| 2 | | डँसना | 1 | 1 |
| 3 | | साँप को | 1 | 1 |
| 4 | | कवि और काव्यधारा का परिचय किया है | 2 | |
| | | कवितांश का विश्लेषण किया है | 4 | 6 |
| 5 | | और | 1 | 1 |
| 6 | | बाहु | 1 | 1 |
| 7 | | आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है | 2 | 2 |
| 8 | | मुख्य आशयों का चयन किया है | 1 | |
| | | संक्षिप्तता है | 2 | |
| | | अपनी भाषा का प्रयोग किया है | 2 | |
| | | शीर्षक लिखा है | 1 | 6 |
| 9 | | आशय ग्रहण किया है | 1 | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | 1 | 2 |
| 10 | | आशय ग्रहण किया है | 1 | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | 1 | 2 |
| 11 | | आशय ग्रहण किया है | 1 | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | 1 | 2 |
| 12 | | चरित की विशेषता ग्रहण किया है | 1 | |
| | | विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखा है | 2 | |
| | | विशेषताओं का चित्रण अपने दृष्टिकोण से किया है | 1 | 4 |

| Qn No | Sub Qns | Answer Key/Value Points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 13 | | आशय ग्रहण किया है | 1 | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | 2 | 4 |
| | | क्रमबद्धता है | 1 | |
| 14 | | आशय ग्रहण किया है | 2 | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | 2 | 4 |
| 15 | | आशय ग्रहण किया है | 2 | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | 2 | 4 |
| 16 | | आशय ग्रहण किया है | 2 | |
| | | लक्ष्यभाषा में अनुवाद किया है | 2 | |
| | | लक्ष्यभाषा की शैली अपनाया है | 2 | 6 |
| 17 | | विज्ञापन की शैली अपनाया है | 2 | |
| | | अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है | 2 | |
| | | रूपरेखा आकर्षक एवं रोचक है | 2 | 6 |
| 18 | | घटना की सूचना है | 2 | |
| | | संवेदना की अभिव्यक्ति है | 2 | |
| | | आत्मनिष्ठ भाषा है | 2 | 6 |
| 19 | | स्वाभाविक शुरुआत है | 1 | |
| | | वार्तालाप की शैली है | 1 | |
| | | प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है | 2 | |
| | | स्वाभाविकता है | 2 | 6 |
| 20 | | भूमिका है | 2 | |
| | | बिंदुओं को विकसित करके भाषण शैली में प्रस्तुत किया है | 2 | |
| | | अपने मत का समर्थन किया है | 2 | |
| | | उपसंहार है | 2 | 8 |

| Qn No | Sub Qns | Answer Key/Value Points | Score | Total |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| २१ | | सही शुरुआत है | २ | |
| | | पत्र की भाषा-शैली है | २ | |
| | | संकेतों को विकसित किया है | २ | |
| | | पत्र की रूपरेखा है | २ | 8 |
| २२ | | भूमिका है | २ | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | २ | |
| | | क्रमबद्धता है | २ | |
| | | उपसंहार है | २ | 8 |
| २3 | | भूमिका है | २ | |
| | | बिंदुओं को विकसित किया है | २ | |
| | | क्रमबद्धता है | २ | |
| | | उपसंहार है | २ | 8 |